प्रकाशनार्थ ।

27 जनवरी, 2023 गोरखपुर।

गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक, गोरखनाथ, गोरखपुर 74वां गणतन्त्र दिवस एवम बसंत पंचमी को बड़े ही धूम-धाम से मनाने के साथ एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर झण्डा रोहण के बाद चिकित्सालय के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ दीप चंद ठाकुर ने स्वयं रक्तदान करके शिविर का शुभारम्भ किया । इसके साथ ही उन्होंने सभी लोगों को गणतन्त्र दिवस की शुभकामना दी ।उन्होंने बताया की अब तक वे 35 बार लगभग रक्तदान कर चुके है।

और आज के रक्तदान के बाद वे उम्र सीमा के अन्तर्गत रक्तदान नहीं कर पाएंगे।

इसी क्रम में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्साधिकारी एवं ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने गणतंत्र दिवस पर बलिदानियो को याद करते हुए कहा की ''बलिदानों का सपना जब सच हुआ, देश तभी आजाद हुआ, आज सलाम करें उन वीरों को, जिनकी शहादत से भारत गणतंत्र हुआ'' । आज ही के दिन भारत का संविधान भी लागू हुआ था। ब्लड बैंक महत्वपूर्ण तिथियों पर रक्तदान शिविर का आयोजन करता रहता है। इसी क्रम में आज का रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

चिकित्सालय के अपर निदेशक डॉ0 कामेश्वर सिंह जी ने कहा कि आज हम अपने देश का 74वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। इसी दिन सन् 1950 को भारत का संविधान लागू किया गया था। हम हर वर्ष अपना गणतंत्र दिवस बड़े ही धूम धाम से मनाते हैं।

इस पावन अवसर पर गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में हरियाणा के कुछ व्यवसाई जो हरियाणा से यहां पर रह कर व्यवसाय करते हैं उन व्यवसाई लोगों ने भी शिविर में रक्तदान किया।

प्रमुख रुप से अनिल सिंह, रामाशीष यादव, आनन्द राय दीपक महेश फोगाट,रणधीर कुमार सचदेवा, तेज सिंह सहित लगभग 16 लोगों ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर ब्लड बैंक के टेक्नीशियन उपस्थित रहे।